संवाद

BSES
BSES Yamuna Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

जुलाई - 2018

उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए बीवाईपीएल ने फिनलैंड से किया समझौता

अपने उपभोक्ताओं को बेहतर विश्वस्तरीय सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, बीवाईपीएल अत्याधुनिक तकनीक लाने, रिसर्च करने और नॉलेज शेयरिंग के लिए अब देश की सीमा के बाहर भी देख रही है।

इन्हीं प्रयासों के तहत, बीवाईपीएल ने ***बिजनेस फिनलैंड*** के साथ एक एमओयू यानी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए हैं। बिजनेस फिनलैंड पूरी तरह से फिनलैंड सरकार के स्वामित्व वाली संस्था है। यह एमओयू तीन वर्षों के लिए साइन किया गया है, जिसमें बिजली वितरण सेक्टर में सहयोग पर ध्यान दिया जाएगा। एमओयू पर बीवाईपीएल की ओर से सीईओ श्री पी. आर. कुमार और बिजनेस फिनलैंड इंडिया की तरफ से उसके हेड और कमर्शल काउंसिलर श्री जक्का होलप्पा ने नई दिल्ली स्थित फिनलैंड दूतावास में दस्तखत किए।

यह साझेदारी न सिर्फ पूर्वी व मध्य दिल्ली में रहने वाले 16 लाख उपभोक्ताओं की सेवाओं में सुधार लाएगी, बल्कि इससे पूरे पावर सेक्टर को फायदा होगा।

ऑनलाइन पेमेंट स्कीमः उपभोक्ताओं ने जीते एलईडी टीवी, एसी ....

बीवाईपीएल ने अपने उपभोक्ताओं के लिए मार्च, 2018 में एक ऑनलाइन पेमेंट स्कीम लॉन्च की थी।

जिन उपभोक्ताओं ने 31 मार्च, 2018 तक विभिन्न ऑनलाइन पेमेंट माध्यमों से अपने बिजली बिल का भुगतान किया, वे इस स्कीम के तहत आकर्षक पुरस्कार जीतने के योग्य थे। योग्य उपभोक्ताओं के लिए 25 अप्रैल, 2018 को विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया।

2 मई, 2018 को शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा स्थित बीवाईपीएल मुख्यालय में सभी 28 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को **एलईडी टीवी, एयर कंडीशनर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव अवन, इंडक्शन कूकर, सीलिंग फैन,** आदि दिए गए।

गो कैशलेस - अपने बिजली बिल को ऑन लाइन / मोबाइल ऐप से जमा करें

सुविधा.... कभी भी...
कहीं भी... समय बचत

नेट बैंकिंग | क्रेडिट/डेबिट कार्ड | मोबाइल / ई - वॉलेट | और भी बहुत कुछ

कृपया विजिट करें: www.bsesdelhi.com

बारिश के दौरान ऐसे रहें सुरक्षित

मॉनसून एक बार फिर दस्तक दे रहा है। उमंग और उल्लास के साथ-साथ मॉनसून अपने साथ कुछ समस्याएं भी लाता है और इस सीजन में वॉटर लॉगिंग के कारण बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन, कुछ सावधानियां बरतकर आप खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रख सकते हैं और इस तरह, दुर्घटना-मुक्त मॉनसूस को सुनिश्चित किया जा सकता है।

- बिजली के पोल, सब-स्टेशन, टांसफॉर्मर, स्ट्रीट लाइट समेत बिजली के सभी उपकरणों से दूर रहें
- बच्चों को जागरूक करें कि वे बिजली उपकरणों/ इंस्टलेशंस के पास न खेलें, अगर इन चीजों को बेरिकेड किया गया हो, तो भी
- घर के अंदर या कहीं भी, बिजली से चलने वाले सामान/उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं
- अपने घर पर एक टेस्टर रखें। यदि कोई स्विच या आपके घर की दीवार गीली हो, तो इसे न छुएं। पहले टेस्टर से चेक कर लें कि कहीं उनमें करंट तो नहीं आ रहा है। जरूरत हो, तो अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली-110032

सीआईएनः CIN:U40109DL2001PLC111525

फोनः 11-399-97-111/399-99-273

ईमेलः bypl.feedback@relianceada.com,

वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

टॉल फ्री 24x7 19122 | कॉल 24x7 011-399 99 808 | एसएमएस 5616108 | बिजली चोरी संबंधी 8588892156 / बिजली गुल की शिकायत 8745999808 | स्ट्रीटलाइट 41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली - 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा - 122050 द्वारा मुद्रित